भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3464

जिसका उत्तर सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक) को दिया गया

तमिलनाडु में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में बढ़ोतरी

†3464. श्री नवसकनी के.:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत पाँच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड जारी करने और उनके उपयोग में हुई वृद्धि की बैंक-वार समीक्षा की है;

(ख) तमिलनाडु में क्रेडिट कार्ड के उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग, शुल्कों के बारे में पूर्ण जानकारी देने और डिजिटल भुगतान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(ग) क्या सम्पूर्ण तमिलनाडु में जिम्मेदारी से ऋण लेने और समय पर पुनर्भुगतान करने के संबंध में वित्तीय साक्षरता और उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) तमिलनाडु में साइबर धोखाधड़ी से बचाव और सुरक्षित डिजिटल वित्तीय प्रैक्टिस के बारे में ग्राहकों को शिक्षित करने के लिए बैंकों द्वारा क्या पहल की गई हैं;

(ङ) क्या सरकार का रामानाथपुरम जिले में, विशेषकर महिलाओं, युवाओं, मछुआरों और छोटे उद्यमियों के बीच वित्तीय साक्षरता और जिम्मेदारी से ऋण लेने संबंधी जागरूकता को सुदृढ़ करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) रामानाथपुरम जिले में सूझबूझ के साथ ऋण लेने और स्वस्थ घरेलू वित्तीय प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध उपभोक्ता जागरूकता और वित्तीय परामर्श पहलों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, क्रेडिट कार्ड जारी करने और उसके उपयोग के संबंध में राज्य-वार सूचना नहीं रखी जाती है। तथापि, सरकारी और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार क्रेडिट कार्ड प्राप्तियों के लिए बकाया अग्रिमों के संबंध में बैंक-वार सूचना अनुबंध-I में संलग्न है।

(ख): भारतीय रिजर्व बैंक ने "(वाणिज्यिक बैंक-क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जारी और आचरण संबंधी) निदेश, 2025" जारी किए हैं, जो तमिलनाडु सहित पूरे देश में लागू किए हैं। इसके अन्तगर्त कार्ड जारी करना, उसे सक्रिय करना, क्रेडिट लिमिट बढ़ाना और ओवर-लिमिट सुविधा देने के लिए ग्राहक की स्पष्ट सहमति अनिवार्य कर दी गई है, जबकि बिना मांगे कार्ड भेजने और बिना पूछे उसे अद्यतन करने पर रोक लगा दी गई है। कार्ड जारी करने वालों को मुख्य तथ्य विवरण और सबसे महत्वपूर्ण निबंधन और शर्तों (एमआईटीसी)के माधयम से स्पष्ट जानकारी देनी होगी, जिसमें ब्याज दर, शुल्क, प्रभार और ग्राहक की ज़िम्मेदारियों के बारे में जानकारी शामिल हो और साथ ही उसे ईएमआई में बदलने और ब्याज की गणना में पारदर्शिता भी सुनिश्चित करनी होगी। इसके अलावा, आरबीआई ने डिजिटल भुगतान संबंधी सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ओटीपी-आधारित कार्ड सक्रियण, अनिवार्य लेनदेन प्रमाणीकरण, ग्राहक-नियंत्रित लेनदेन सेटिंग्स, अनधिकृत लेनदेन की रिपोर्ट करने के लिए 24×7 सुविधाएं और खोए हुए या छेड़छाड़ किए गए कार्डों को तत्काल ब्लॉक करना जैसे विभिन्न उपाय निर्धारित किए

हैं। कार्ड जारीकर्ताओं को ग्राहक डेटा की सुरक्षा करने और संरक्षा करने और जोखिम शमन मानकों का अनुपालन करने की भी आवश्यकता होती है।

(ग) से (च): सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक तमिलनाडु सहित देश भर में वित्तीय साक्षरता, जिम्मेदार ऋण, ऋण अनुशासन और साइबर धोखाधड़ियों की रोकथाम के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न पहल करते हैं।

इनमें अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित शामिल हैं: -

i. वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) परियोजना आरबीआई द्वारा 2017 से आरंभ की गई है, जिसका उद्देश्य वित्तीय साक्षरता के लिए समुदाय के नेतृत्व वाले अभिनव और सहभागी दृष्टिकोण को अपनाना है।

ii. जिला स्तर पर अग्रणी बैंकों द्वारा स्थापित वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) आम जनता के साथ-साथ विभिन्न लक्षित समूहों जैसे किसानों, सूक्ष्म और लघु उद्यमियों, स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूहों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविर आयोजित करते हैं। शिविरों में जिम्मेदार उधार, ऋण अनुशासन, डिजिटल वित्तीय साक्षरता, साइबर धोखाधड़ी आदि सहित वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।

iii. आज की स्थिति के अनुसार, तमिलनाडु में 128 वित्तीय साक्षरता केन्द्र (सीएफएल) और 75 वित्तीय साक्षरता केन्द्र (एफएलसी) प्रचालनरत हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, सीएफएल ने 92,096 जागरूकता शिविर आयोजित किए और एफएलसी ने जिम्मेदार ऋण, ऋण अनुशासन, डिजिटल वित्तीय साक्षरता, साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम और मजबूत वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों को शामिल करते हुए 10,419 शिविर आयोजित किए।

iv. रामनाथपुरम जिले में तीन सीएफएल और दो एफएलसी प्रचालन में हैं। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, सीएफएल ने 2,160 जागरूकता शिविर आयोजित किए और एफएलसी ने 809 शिविर आयोजित किए। जिले में एफएलसी ने छोटे उद्यमियों, युवाओं और महिलाओं के लिए केंद्रित शिविर भी आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में जिम्मेदार ऋण, ऋण अनुशासन, डिजिटल वित्तीय साक्षरता, साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम और सूचित वित्तीय निर्णय लेने को शामिल किया गया है।

v. भारतीय रिजर्व बैंक इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग जागरूकता और प्रशिक्षण (ई-बात) कार्यक्रम, डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह, सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर मल्टीमीडिया जागरूकता अभियान का आयोजन और तमिल सहित क्षेत्रीय भाषाओं में साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम और डिजिटल भुगतान सुरक्षा पर जागरूकता सामग्री का वितरण भी आयोजित करता है।

अनुबंध – I

'तमिलनाडु में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में बढ़ोतरी के संबंध में दिनांक 10.08.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं 3464 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध'

क्रेडिट कार्ड के लिए बकाया अग्रिम पर बैंक-वार जानकारी - प्राप्य

बैंक का नाम	मार्च 2022 (₹ करोड़)	मार्च 2023 (₹ करोड़)	मार्च 2024 (₹ करोड़)	मार्च 2025 (₹ करोड़)	मार्च 2026 (₹ करोड़)
बैंक ऑफ़ इंडिया	3.008	7.213	11.935	13.058	10.105
बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र	73.280	81.270	78.780	75.770	0.000
केनरा बैंक	492.171	675.296	1,289.620	1,680.431	2,070.104
सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया	17.420	18.540	1.760	1.470	1.002
इंडियन बैंक	166.426	198.427	380.248	572.846	527.046
इंडियन ओवरसीज़ बैंक	49.303	64.621	67.124	86.975	203.636
पंजाब नेशनल बैंक	317.938	409.018	857.513	1,125.986	1,378.244
यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया	3.210	915.370	1,533.050	1,475.840	1,476.996
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	**1,122.757**	**2,369.754**	**4,220.030**	**5,032.375**	**5,667.133**
एक्सिस बैंक लिमिटेड	17,681.460	34,208.570	43,326.580	46,105.750	49,701.960
बंधन बैंक लिमिटेड	0.000	0.000	0.014	0.383	12.734
सिटी यूनियन बैंक लिमिटेड	2.732	7.980	70.986	78.103	128.378
सीएसबी बैंक लिमिटेड	0.000	20.283	357.207	486.060	448.577
डीसीबी बैंक लिमिटेड	5.260	0.000	0.000	0.200	67.200
धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड	10.545	13.809	17.221	19.621	20.956
फेडरल बैंक लिमिटेड	270.271	1,594.166	2,992.156	3,549.461	4,368.008
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	71,928.047	79,518.842	92,509.341	108,283.478	112,068.497
आईसीआईसी बैंक लिमिटेड	25,432.998	38,387.241	52,287.684	58,787.546	54,865.324
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	64.123	72.535	82.196	115.685	134.637
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड	2,007.257	3,511.206	5,546.365	7,517.572	9,165.126
इंडसइंड बैंक लिमिटेड	5,864.140	8,493.130	10,803.500	11,185.670	9,961.690
जम्मू एवं कश्मीर बैंक लिमिटेड	331.445	374.320	463.020	497.960	532.973
करूर वैश्य बैंक लिमिटेड	5.440	28.137	36.393	37.817	38.543
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड	6,232.474	10,769.743	14,837.533	14,055.738	12,852.467
आरबीएल बैंक लिमिटेड	13,603.653	16,851.646	17,207.485	17,289.975	16,429.696
साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड	151.357	795.604	1,619.655	1,427.898	1,140.226
तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक लिमिटेड	0.000	0.001	0.001	3.333	2.790
यस बैंक लिमिटेड	2,158.527	3,524.812	5,538.084	7,167.856	8,827.038
निजी क्षेत्र के बैंक	**145,749.728**	**198,172.024**	**247,695.420**	**276,610.105**	**280,766.818**

*****